# आपके अधिकार और चौंकाने वाले मेडिकल बिल से सुरक्षा

Your Rights and Protections Against Surprise Medical Bills (Hindi)

जब आपको नेटवर्क में आने वाले किसी अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर में नेटवर्क के बाहर के किसी प्रदाता द्वारा आपातकालीन देखभाल मिलती है या आपका इलाज किया जाता है, तो आप बैलेंस बिलिंग से सुरक्षित रहते हैं। इन मामलों में, आपसे आपके प्लान के सह-भुगतान, सह-बीमा और/या कटौती योग्य राशि से अधिक शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।

**"बैलेंस बिलिंग" (कभी-कभी "सरप्राइज़ बिलिंग" भी कहा जाता है) क्या है?**

जब आप किसी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलते हैं, तब आपको अपनी जेब से कुछ लागतों का भुगतान करना पड़ सकता है, जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा या कटौती योग्य राशि के लिए। अगर आप अपने हेल्थ प्लान के नेटवर्क से बाहर के किसी प्रदाता से मिलते हैं या स्वास्थ्य देखभाल सुविधा-केंद्र पर जाते हैं, तो आपको अतिरिक्त लागतें चुकानी पड़ सकती हैं या पूरे बिल का भुगतान करना पड़ सकता है।

"नेटवर्क से बाहर" का मतलब ऐसे प्रदाता और सुविधा-केंद्रों से है, जिन्होंने सेवाएं देने के लिए आपके हेल्थ प्लान से जुड़े किसी अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किया है। नेटवर्क से बाहर के प्रदाता किसी सेवा के लिए ली जाने वाली पूरी राशि और आपके प्लान द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि के अंतर के लिए आपको बिल दे सकते हैं। यह "बैलेंस बिलिंग" कहलाता है। यह राशि उसी सेवा के लिए नेटवर्क में आने वाले प्रदाता या सुविधा-केंद्र की लागत से अधिक हो सकती है और आपके प्लान की कटौती योग्य राशि या जेब से चुकाई जाने वाली राशि की वार्षिक सीमा में नहीं गिनी जा सकती है।

"सरप्राइज़ बिलिंग" चौंकाने वाला बैलेंस बिल होता है। ऐसा तब हो सकता है जब आप इस बात पर नियंत्रण न कर सकें कि आपकी देखभाल में कौन शामिल है—जैसे, जब आप किसी आपातकालीन स्थिति में हों या जब आपने नेटवर्क में आने वाले सुविधा-केंद्र में जाना तय किया हो लेकिन अचानक से नेटवर्क के बाहर के किसी प्रदाता द्वारा आपका इलाज किया जा रहा हो। प्रक्रिया या सेवा के आधार पर सरप्राइज़ मेडिकल बिल हज़ारों डॉलर का हो सकता है।

**आपको इन चीज़ों के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा दी जाती है:**
**आपातकालीन सेवाएं**

अगर आप किसी आपातकालीन चिकित्सा स्थिति में हैं और नेटवर्क से बाहर के किसी प्रदाता या सुविधा-केंद्र से आपातकालीन सेवाएं प्राप्त करते हैं, तो वे आपको ज़्यादा से ज़्यादा जो बिल दे सकते हैं वह आपके प्लान के नेटवर्क में आने वाले प्रदाता या सुविधा-केंद्र द्वारा ली जाने वाली राशि के बराबर होगा (जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा और कटौती योग्य राशि)। इन आपातकालीन सेवाओं के लिए आपको कोई बैलेंस बिल नहीं दिया जा सकता है। इसमें वे सेवाएं शामिल हैं जो आपको स्थिर स्थिति में होने के बाद मिल सकती हैं जब तक कि आप स्थिरीकरण के बाद की इन सेवाओं के लिए लिखित सहमति नहीं दे देते और इन्हें बैलेंस बिल में शामिल किए जाने के लिए अपनी सुरक्षा का त्याग नहीं कर देते हैं।

एरिज़ोना, फ्लोरिडा, आयोवा, मिनेसोटा और विस्कॉन्सिन में बैलेंस बिलिंग से जुड़े राज्य के कानूनों के बारे में जानकारी के लिए नीचे देखें।

**नेटवर्क में आने वाले किसी अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर में दी जाने वाली कुछ सेवाएं**

नेटवर्क में आने वाले किसी अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर में सेवाएं प्राप्त करने पर, हो सकता है कि कुछ प्रदाता नेटवर्क के बाहर के हों। ऐसे मामलों में, वे प्रदाता आपको ज़्यादा से ज़्यादा जिस राशि का बिल दे सकते हैं, वह आपके प्लान के नेटवर्क में आने वाले प्रदाता या सुविधा-केंद्रों द्वारा ली जाने वाली राशि के बराबर होगी। यह आपातकालीन चिकित्सा, एनेस्थिसिया, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, प्रयोगशाला, नियोनेटोलॉजी, सहायक सर्जन, अस्पताल या गहन सेवाओं पर लागू होता है। ये प्रदाता आपको बैलेंस बिल नहीं दे सकते और बैलेंस बिल में शामिल न किए जाने के लिए आपको अपनी सुरक्षाओं का त्याग करने के लिए भी नहीं कह सकते। अगर आपको नेटवर्क में आने वाली इन सुविधा-केंद्रों पर अन्य प्रकार की सेवाएं मिलती हैं, तो नेटवर्क से बाहर के प्रदाता आपको तब तक बैलेंस बिल नहीं दे सकते हैं, जब तक कि आप लिखित सहमति नहीं देते हैं और अपनी सुरक्षा का त्याग नहीं कर देते हैं।

**आपको बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा का कभी भी त्याग करने की कोई ज़रूरत नहीं है। आपको नेटवर्क से बाहर देखभाल प्राप्त करने की भी कोई ज़रूरत नहीं है। आप अपने प्लान के नेटवर्क में से किसी प्रदाता या सुविधा-केंद्र को चुन सकते हैं।**

एरिज़ोना, फ्लोरिडा, आयोवा, मिनेसोटा और विस्कॉन्सिन में बैलेंस बिलिंग से जुड़े राज्य के कानूनों के बारे में जानकारी के लिए नीचे देखें।

**जब बैलेंस बिलिंग की अनुमति न हो तब भी आपके पास ये सुरक्षाएं होंगी:**

- आप केवल लागत के अपने हिस्से का भुगतान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं (जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा, और कटौती योग्य राशि जिनका आप तब भुगतान करेंगे जब प्रदाता या सुविधा-केंद्र नेटवर्क में हो)। नेटवर्क से बाहर के प्रदाता और सुविधा-केंदों को अतिरिक्त लागत का भुगतान सीधे आपके हेल्थ प्लान से किया जाएगा।



MC5815-57HIrev0424

- आमतौर पर, आपके हेल्थ प्लान में ये शामिल होने चाहिए:
  - सेवाओं के लिए अग्रिम रूप से अनुमोदन प्राप्त करने की ज़रूरत के बिना (जिसे "पूर्व अनुमोदन" भी कहा जाता है), आपातकालीन सेवाओं को कवर करना चाहिए।
  - नेटवर्क से बाहर के प्रदाताओं द्वारा दी जाने वाली आपातकालीन सेवाओं को कवर करना चाहिए।
  - आपके हेल्थ प्लान को यह आधार तय करना होगा कि आपको अपने प्रदाता या सुविधा-केंद्र (लागत-साझा करने वाले) को कितनी राशि चुकानी है, जिसका भुगतान यह नेटवर्क में आने वाले किसी प्रदाता या सुविधा-केंद्र को करेगा और उस राशि को आपके लाभों के स्पष्टीकरण में दिखाएगा।
  - आपके हेल्थ प्लान को आपातकालीन सेवाओं या नेटवर्क से बाहर प्राप्त की जाने वाली सेवाओं के लिए आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली किसी भी राशि को आपके नेटवर्क में शामिल कटौती योग्य राशि और जेब से भुगतान करने की सीमा में गिनना होगा।

आपने जहां देखभाल प्राप्त की है, उसके आधार पर एरिज़ोना, फ्लोरिडा, आयोवा, मिनेसोटा और विस्कॉन्सिन में राज्य के कानून बैलेंस बिलिंग से अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया करा सकते हैं। हालांकि, ये सुरक्षा राज्य के कानून के अधीन आने वाले हेल्थ प्लान पर ही लागू होती हैं। राज्य के इन कानूनों पर ज़्यादा जानकारी के लिए नीचे देखें:

- **एरिज़ोना** का कानून उपभोक्ता विवाद समाधान प्रक्रिया के अलावा, नेटवर्क से बाहर के कुछ आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा देता है। एरिज़ोना के कानून का संशोधित अधिनियम §§ 20-3111-3119 देखें और https://difi.az.gov/soonbdr पर विज़िट करें।
- **फ्लोरिडा** का कानून नेटवर्क से बाहर की कुछ आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा देता है। फ्लोरिडा का कानून कुछ विवादों के लिए उपभोक्ता विवाद समाधान प्रक्रिया भी मुहैया कराता है। फ्लोरिडा के कानून का अधिनियम §§ 627.64194, 641.3154, 641.513 और 408.7057 देखें।
- **आयोवा** का कानून नेटवर्क से बाहर की आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा देता है। आयोवा के कानून की संहिता § 514C.16 देखें।
- **मिनेसोटा** का कानून कुछ आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा देता है। मिनेसोटा के कानून का अधिनियम §§ 62K.11, 62Q.55 और 62Q.556 देखें।
- **विस्कॉन्सिन** में फ़िलहाल राज्य के कानून के तहत बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा उपलब्ध नहीं है।

**अगर आपको लगता है कि आपको गलत बिल दिया गया है, तो:**

संघीय कानून के तहत अपने अधिकारों के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए cms.gov/nosurprises/consumers पर Medicare & Medicaid Services (CMS) के सेंटर पर विज़िट करें। आप 1-800-985-3059 पर कॉल करके, नो सरप्राइज़ हेल्पडेस्क (No Surprises Helpdesk) से भी संपर्क कर सकते हैं।

राज्य के लागू कानूनों के तहत अपने अधिकारों के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए नीचे दी गईं वेबसाइटों पर विज़िट करें।

- एरिज़ोना: https://difi.az.gov/soonbdr
- फ्लोरिडा: https://www.floir.com/, https://myfloridacfo.com/Division/Consumers/
- आयोवा: https://iid.iowa.gov/legal-resources/legal-information/no-surprises-act/no-surprises-act-consumer-information
- मिनेसोटा: https://www.ag.state.mn.us/consumer/health/default.asp
- विस्कॉन्सिन: https://oci.wi.gov/Pages/Consumers/Health.aspx